

02

करीब 4 लाख 76 हजार बच्चों तथा प्रजनन आयु वर्ग की महिलाओं को खिलाई जाएगी

# आज समाज

www.aajsamaaj.com

04

सूरजकुंड क्राफ्ट मेले में किर्गिस्तान की महिला दुकानदार के खोए हुए बैग को एसआई मुकेश कुमार ने सुरक्षित लौटाया



नई दिल्ली, पृष्ठ-04, गुरुवार, 09 फरवरी 2023 | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र | शक संवत -1944, अमांत-माघ, कृष्ण पक्ष चतुर्थी, मूल्य, 2.00 रुपए


# सामाजिक उद्यमिता को लेकर करियर परामर्श सत्र का आयोजन

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ उद्यमिता एवं आत्मनिर्भरता पर एक कैरियर परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। सत्र की शुरूवात प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के भाषण से हुई। उन्होंने बताया महाविद्यालय में एसडीजी क्लब की स्थापना 2022 में की गई थी। जिसमें समय-समय पर अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए गए। उद्यमिता के माध्यम से केवल पैसा ही नहीं कमाया जा सकता बल्कि ख्याति कमाई जा सकती है। दोनों में अंतर को बताते हुए उनकी महत्वता के बारे में बताया। और हर किसी को कमा कर समाज के लिए काम करना चाहिए। इस सत्र के मुख्य वक्ता अनित गुप्ता निदेशक (एआरसी गुरुग्राम) ने अपना व्याख्यान रोचक और आकर्षक तरीके से विद्यार्थियों के साथ से साझा किया। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके सपने, उनके उद्देश्य और उनकी रूचि आदि के बारे में पूछा जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढकर भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों को सामाजिक उद्यमिता के बारे में बताया द्य उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ अगर काम किया जाएगा तो वह अवश्य सफल होगा। उन्होंने विद्यार्थियों को समस्या नहीं समाधान के बारे में सोचने के लिए प्रेरित किया द्य उन्होंने महाविद्यालय में एआरसी फाउंडेशन द्वारा जो सर्टिफिकेट कोर्स, महाविद्यालय में शुरू किया जा रहा है जिसका विषय ह्यसामाजिक उद्यमिताह्न के बारे में भी विद्यार्थियों को बताया। इस कोर्स में 40 विद्यार्थियों को सामाजिक उद्यमिता और समाज कल्याण के कार्य करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने पिच डेक के बारे में भी विद्यार्थियों को अवगत कराया द्य उन्होंने एक अच्छे उद्यमी के गुणों के बारे में भी बताया द्य कार्यक्रम का आयोजन डॉ. मनोज शुक्ला (समन्वयक) द्वारा किया गया। इस वार्ता में 135 विद्यार्थियों ने भाग लेकर ज्ञान वर्धन कियाद्य इस अवसर पर डॉ. केएल कौशिक, रविंद्र जैन, डॉ. संजीव, डॉ. अशोक कुमार निराला, डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. रितु, डॉ. शोभना गोयल, डॉ. गीता गुप्ता डॉ. डिंपल, सुभाष तथा अन्य प्रवक्तागण उपस्थित थे।

